आईपीएल से पहले भी रियान ने घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया था। जिसके बाद अब वह राजस्थान रॉयल्स में भी अपनी उपयोगिता साबित कर चुके हैं। रियान एक साल के अंदर भारत के लिए डेब्यू कर लेंगे। **-इरफान पठान**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, आरआर के रियान पराग के हालिया प्रदर्शन पर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

ग्लेन मैक्सवेल

आरसीबी के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल 2024 सीजन से हटने का फैसला लिया है। मैक्सवेल ने ब्रेक लेने का फैसला किया है। जिससे फैंस हैरान हैं। बता दें कि मैक्सवेल ने सोमवार रात सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भी भाग नहीं लिया था। वहीं मैच के बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ब्रेक का खुलासा किया। बता दें कि, मैक्सवेल को इस सीजन खराब फॉर्म की वजह से काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है। के खिलाफ मैच में तो उन्हें प्लेइंग 11 में भी जगह नहीं मिली।

क्या आप जानते हैं ?... बेसबॉल में औसतन 108 टांके होते है क्रिकेट बाल में 65 से 70 के बीच तथा फुटबॉल में 642 से अधिक टांके लगाये जाते हैं।

ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज माइकल स्लेटर को नहीं मिली जमानत, कोर्ट में हुए बेहोश

ऑस्ट्रेलिया, 16 अप्रेल। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज पूर्व क्रिकेटर माइकल स्लेटर मंगलवार को जमानत याचिका खारिज होने के बाद कोर्ट में बेहोश हो गए। 54 वर्षीय क्रिकेटर को क्वींसलैंड राज्य के कोर्ट में अपने पैरों पर वापस खड़ा होने के लिए मदद का सहारा लेना पड़ा। स्लेटर को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। उनके ऊपर गैरकानूनी तरीके से पीछा करना, डराना, मारपीट, रात में किसी इरादे से घर में घुसना, शारीरिक नुकसान पहुंचाने वाला हमला और दम घोंटने जैसे आरोप शामिल हैं। वहीं जमानत के लिए आवेदन किए जाने के बाद भी माइकल स्लेटर के खिलाफ पुलिस के आरोपों को तहत अदालत में सुनवाई हुई। स्लेटर पिछले पांच दिसंबर से 12 अप्रैल के बीच कई तारीखों पर सनशाइन तट पर कथित अपराधों के कुल 19 आरोपों में घिरे हैं। स्थानीय पुलिस ने कई दिनों तक कथित घरेलू हिंसा की घटनाओ के बाद पिछले शुक्रवार को सनशाइन तट पर नूसा हेड्स से 54 वर्षीय स्लेटर को गिरफ्तार करने की पुष्टि की। फॉक्स स्पोर्ट्स के मुताबिक, स्लेटर के कुछ कथित हिंसक कृत्य वहां पर महिला की संपत्ति पर लगे सीसीटीव कैमरे में भी कैद हुए हैं। स्लेटर पर जमानत का उल्लंघन करने और घरेलू हिंसा आदेश का उल्लंघन करने के 10 आरोप भी लगाए गए हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने कहा कि स्लेटर ने अदालत में सभी आरोपों से इनकार किया है। स्लेटर की जमानत अर्जी खारिज होने के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया है और उनके मामले को 31 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

छक्के जड़ने में हैदराबाद के हैनरिक और चौकों में विराट है अव्वल

बेंगलुरु, 16 अप्रेल। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में छक्के लगाने में सनराइजर्स हैदराबाद के हैनरिक क्लासन ने सर्वाधिक 24 छक्के लगाये है वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली 35 चौके के साथ शीर्ष पर है। आईपीएल के 30 मैचों के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के छह मैचों में क्लासन ने सबसे अधिक 24 छक्के लगाये है। रॉयल चैलेंजर्स के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली 35 चौके लगाकर सबसे आगे चल रहे है। लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन 19 छक्कों के साथ दूसरे स्थान पर तथा हैदराबाद के अभिषेक शर्मा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिनेश कार्तिक और राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग 18-18 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर है। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स के शिवम दूबे, मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा और दिल्ली कैपिटल्स के ट्रिस्टन स्टब्स 15-15 छक्कों के साथ चौथे स्थान पर है। कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नारायण और राजस्थान रॉयल्स के विराट कोहली 14-14 छक्कों के साथ संयुक्त रुप से पांचवें स्थान पर है। चौकों के मामले में विराट कोहली 35 चौकों के सबसे आगे है। उनके बाद रोहित शर्मा और ट्रैविस माइकल हेड 28-28 चौके दूसरे नंबर पर है। ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन 25- 25 चौकों के साथ तीसरे, फाफ डु प्लेसिस 24 चौकों के साथ चौथे तथा फिल साल्ट और बी साई सुदर्शन 23-23 चौकों के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर है। ग्लेन मैक्सवैल, यशस्वी जयसवाल, अक्षर पटेल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, सौरभ चौहान, मयंक अठावाल, उमेश यादव, राहुल त्रिपाठी, सुमित कुमार, अजमतउल्लाह उमरजई, जयदेव उनादकट, शाहरुख खान और दर्शन नालकंडे एक-एक छक्का लगाते हुए निचले पायदान पर है।

दीपिका सोरेंग हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार से सम्मानित

नयी दिल्ली, 16 अप्रैल। हॉकी इंडिया ने भारतीय महिला हॉकी टीम की फारवर्ड दीपिका सोरेंग वर्ष के उभरते खिलाड़ी के लिए प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार से सम्मानित किया है। पुरस्कार से सम्मानित किये जाने पर दीपिका सोरेंग ने हॉकी इंडिया का हार्दिक आभार व्यक्त किया। दीपिका को वर्ष 2023 के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिय इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने महिला जूनियर एशिया कप में टीम के लिए पदार्पण करते हुए छह मैचों में सात गोल दागकर टीम को स्वर्ण पदक जीतने में मदद की और टूर्नामेंट में टीम के लिए दूसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में उभरीं। पुरस्कार मिलने के बाद दीपिका ने कहा, मुझे यह सम्मान देने के लिए मैं हॉकी इंडिया का आभार व्यक्त करती हूं। जब मेरे नाम की घोषणा की गई तो यह मेरे और मेरे परिवार के लिए एक यादगार पल था। पुरस्कार राशि और पुरस्कार जीतना बहुत बड़ी बात है। यह मुझे और भी बेहतर प्रदर्शन करने और देश को गौरवान्वित करने का साहस, ताकत और प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैंने पिछले वर्ष में बहुत प्रगति की है और इसका श्रेय सहायक स्टाफ, कोच और टीम के साथियों को जाता है जिन्होंने लगातार मेरा मार्गदर्शन किया। जब भी मुझे संदेह हुआ तो उन्होंने बहुमूल्य सुझाव दिए और मुझे खुद को साबित करने का मौका भी दिया। उन्होंने कहा कि अपनी टीम के भीतर विश्वास रखना महत्वपूर्ण है और खुद को अभिव्यक्त करने के लिए जगह महसूस करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है और ऐसे शानदार माहौल में रहना मेरे लिए एक उल्लेखनीय अनुभव रहा है। उल्लेखनीय है कि दीपिका को हाल ही में 33 सदस्यीय राष्ट्रीय महिला टीम कोर ग्रुप में नामित किया गया था जो 16 मई तक बेंगलुरु के साई में प्रशिक्षण ले रही है।

बटलर के शतक से राजस्थान रॉयल्स ने 224 रन चेज किए

रोमांचक मुकाबले में कोलकाता को 2 विकेट से हराया, सुनील नारायण का शतक बेकार

ईडन गार्डन्स, 16 अप्रेल। इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाइट को 2 विकेट से हरा दिया। जोस बटलर की सेंचुरी की मदद से टीम ने 20 ओवर में 224 रन चेज कर दिए, यह इतिहास के सबसे सक्सेसफुल रन चेज की बराबरी है। इससे पहले ने ही 2020 में पंजाब के खिलाफ 224 का टारगेट चेज किया था। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कोलकाता ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 223 रन बनाए। सुनील नरेन ने 56 बॉल पर 109 रन बनाए। राजस्थान ने 20 ओवर खेलकर 8 विकेट के नुकसान पर 224 रन बना दिए। जोस बटलर ने ने 59 बॉल पर नॉटआउट 107 रन बना दिए।

सुनील नारायण 109 रनों की तूफानी शतकीय पारी की मदद से कोलकाता नाइट राइडर्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 31वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 224 रनों का लक्ष्य दिया हैं। आज यहां ईडन गार्डंस में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट 10 रन का विकेट गवां दिया। फिल को आवेश खान ने अपनी गेंद पर कैच आउट किया। उसके बाद सुनील नारायण ने अंगकृष रघुवंशी के साथ दूसरे विकेट के लिये 85 रन जोड़े।

11वें ओवर में कुलदीप सेन ने अंगकृष रघुवंशी को आर अश्विन के हाथों कैच आउट करा दिया। रघुवंशी ने 18 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 30 रन बनाये। कप्तान श्रेयस अय्यर 11 रन को यजुवेन्द्र चहल ने पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। आंद्रे रसल 13रन बनाकर आउट हुये। सुनील नारायण ने 16वें ओवर में 49 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। सुनील नारायण ने 109 रनों की पारी में 13 चौके और छह छक्के लगाये। उन्हें 18वें ओवर में बोल्ट ने बोल्ड आउट किया। वेंकटेश अय्यर आठ रन बनाकर आउट हुये। रिंकू सिंह नौ गेंदों में एक चौका और दो छक्के लगाकर 20 रन बनाकर नाबाद रहे।

प्राचीन खेलों की जन्मस्थली यूनान में पेरिस ओलंपिक की लौ जलाई

26 जुलाई से शुरू होंगे गेम्स, ग्रीस की राष्ट्रपति कैटरीना एन सकेलारोपोलू सेरेमनी में मौजूद

पेरिस, 16 अप्रेल। पेरिस ओलिंपिक 2024 की मशाल मंगलवार को ग्रीस के ओलंपिया में जलाई गई। इस मशाल को सूर्य की किरणों से जलाया जाता है। आज से पूरे विश्व में मशाल की यात्रा शुरू हो जाएगी। आखिर में यह पेरिस में जा कर रुकेगी। इसे ग्रीक एक्ट्रेस मैरी मीना ने जलाया। पेरिस ओलिंपिक में 100 दिन बचे हैं। पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होना है। यह सेरेमनी (ओलिंपिक प्लेम लाइटिंग सेरेमनी) मंगलवार को इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के अध्यक्ष थॉमस बाक की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान ग्रीस की राष्ट्रपति कैटरीना एन सकेलारोपोलू भी मौजूद रहीं। इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के तत्वावधान में पहला ओलिंपिक 1896 में हुआ। जो एथेंस के पैनाथेनिक स्टेडियम में खेला गया। साल 1928 में नीदरलैंड्स के एम्सटर्डम में आयोजित ओलिंपिक से मशाल जलाने का विचार आया। 1936 में बर्लिन (जर्मनी) ओलिंपिक गेम्स से ओलिंपिक रिले की शुरुआत हुई। ओलिंपिक लौ प्राचीन और आधुनिक खेलों को जोड़ने की एक कड़ी मानी जाती है। पेरिस ओलिंपिक में ट्रैक इस बार बैंगनी कलर का होगा। सामान्य रूप से ट्रैक लाल कलर में होता है। टोक्यो में हुए ओलिंपिक गेम्स में ट्रैक लाल कलर का था।

हमें बल्लेबाजी में सुधार की जरूरत : फाफ डु प्लेसी

मुंबई, 16 अप्रेल। बीते सोमवार को सनराजइर्स हैदराबाद से मिले रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए आईपीएल के मैच में 25 रन से हारी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा कि बल्लेबाजी में कुछ गलतियों को सुधारना जरूरी है। सनराइजर्स ने इसी सत्र में बनाया अपना ही 277 रन का रिकॉर्ड तोड़ते हुए तीन विकेट पर 287 रन बना डाले। जवाब में आरसीबी सात विकेट पर 262 रन ही बना सकी। आरसीबी के कप्तान डु प्लेसी ने कहा ,'' इतने ज्यादा रन इस मैच में बने। विश्व रिकॉर्ड है। मैं नहीं मानता कि 270 रन का लक्ष्य भी आसान होता , यह कठिन ही होता। हमने कुछ चीजें आजमाई जो कारगर नहीं रही।'' उन्होंने कहा,'' खेल इतना तेज रफ्तार हो गया है। हमें बल्लेबाजी में कुछ गलतियों को सुधारना होगा। पावरप्ले के बाद रनगति धीमी होने से रोकना होगा।'' डु प्लेसी ने कहा, '' यह मानसिक जंग भी है तो मानसिक तौर पर हमे तरोताजा रहना होगा। कई बार लगता है कि दिमाग फट जायेगा। फिलहाल हमारे लिये थोड़ा कठिन है।

सात महीने में चार खिताब, कोलकाता के 'बिग थ्री' की सफलता का बड़ा असर होगा : चौबे

नई दिल्ली, 16 अप्रेल। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने मंगलवार को कहा कि कोलकाता के 'बिग थ्री' - मोहन बागान, ईस्ट बंगाल और मोहम्मडन स्पोर्टिंग - की सफलता का सिर्फ राज्य फुटबॉल पर ही व्यापक प्रभाव नहीं पड़ेगा बल्कि इसका देश में खेल पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

सात महीने में चार खिताब और 'भारतीय फुटबॉल का मक्का' कहा जाने वाला कोलकाता सोमवार को यहां खचाखच भरे सॉल्ट लेक स्टेडियम में मुंबई सिटी एफसी पर 2-1 की जीत के बाद मोहन बागान के पहली बार इंडियन सुपर लीग (आईएसएल)

की 'लीग विजेता शील्ड' जीतने का जश्न मना रहा है। चौबे ने पीटीआई से कहा, ''आईएसएल शील्ड, आईलीग ट्रॉफी, सुपर कप और डूरंड कप को पश्चिम बंगाल में लाना राज्य में नए जमाने के फुटबॉल और इन क्लबों का फुटबॉल के नए मानदंडों के अनुकूल होने का संकेत है।''

उन्होंने कहा, ''कोलकाता के तीन दिग्गजों को पश्चिम बंगाल, भारत और विश्व स्तर पर प्रशंसकों का भारी समर्थन हासिल है। मुझे यकीन है कि मोहन बागान और ईस्ट बंगाल की सफलता, और साथ ही मोहम्मडन स्पोर्टिंग के अगले सत्र में आईएसएल में शामिल होने से भारतीय फुटबॉल पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा।'' इसकी शुरुआत मोहन बागान ने पिछले साल तीन सितंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल को 1-0 से हराकर 23 साल में अपने पहले डूरंड कप खिताब के साथ सत्र शुरू करके की।

वेस्ट जर्मनी को 1974 का विश्व कप दिलाने वाले खिलाड़ी बर्नड होलजेनबीन का निधन

फ्रैंकफर्ट, 16 अप्रेल। पश्चिम जर्मनी की 1974 विश्व कप जीत के दौरान नीदरलैंड के खिलाफ फाइनल में महत्वपूर्ण पेनल्टी दिलाने वाले फुटबॉलर बर्नड होलजेनबीन का सोमवार को निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। होलजेनबीन के पूर्व क्लब एंट्राच्ट फ्रैंकफर्ट ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उनका सोमवार को निधन हो गया, वह अपने परिवार के साथ थे। हालांकि इसमें इससे ज्यादा जानकारी नहीं दी गयी है। क्लब ने सोशल मीडिया पर कहा, ''हमारे सबसे महानतम खिलाड़ियों में से एक का निधन हो गया। होलजेनबीन ने पश्चिम जर्मनी के लिए 40 मैच खेले लेकिन उन्हें 1974 में विश्व कप फाइनल में नीदरलैंड पर जीत में निभाई।

मोहन बागान ने पहला लीग शील्ड जीता, फाइनल में मुंबई सिटी को दी मात

मुंबई, 16 अप्रेल। मोहन बागान ने मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराकर पहली आईएसएल लीग शील्ड जीत ली। लिस्टन कोलासो ने 28वें और जैसन कमिंस ने 80वें मिनट में मोहन बागान के लिये गोल दागे। मुंबई सिटी एफसी के लिये एकमात्र गोल लालियांजुआला छांगटे ने 89वें मिनट में किया। यह दो बार की विजेता मुंबई पर मोहन बागान की पहली जीत थी। इस जीत से बागान को पहली बार एएफसी चैम्पियंस लीग 2 में भी पहली बार जगह बना ली। इसके साथ ही लीग चरण के मुकाबले खत्म हो गए और अब 19 अप्रैल से छह टीमों का प्लेआफ होगा। शीर्ष दो टीमें मोहन बागान और मुंबई सिटी सीधे सेमीफाइनल खेलेंगी जबकि तीसरे से छठे स्थान पर रही गोवा, ओडिशा, केरला ब्लास्टर्स और चेन्नइयिन एफसी नॉकआउट प्रारूप में एकल चरण के प्लेआफ खेलेंगी। आईएसएल फाइनल चार मई को होगा। मोहन बागान की हौसलाअफजाई के लिये आईपीएल की लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल भी मौजूद थे।

आरसीबी का स्टार खिलाड़ी होने के नाते मैक्सवेल दबाव में था, ब्रेक का फैसला सही : रिकी पोटिंग

नयी दिल्ली, 16 अप्रेल। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने मंगलवार को ग्लेन मैक्सवेल के प्रति सहानुभूति दिखाते हुए कहा कि लगातार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का स्टार खिलाड़ी होने का दबाव उन पर हावी हो गया और उन्होंने खेल से अनिश्चिकालीन 'मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य' ब्रेक लेकर सही फैसला किया। मैक्सवेल ने अपने करियर में दूसरी दफा इस तरह का ब्रेक लिया है।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस चरण में लगातार कम स्कोर के बाद इस आस्ट्रेलियाई आलरांउडर ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में आराम दिये जाने के बारे में कहा। पोंटिंग ने पीटीआई से कहा, ''आरसीबी की टीम में ग्लेन जैसे खिलाड़ी का होना, वह विराट कोहली के साथ टीम का बड़ा खिलाड़ी है जिससे उस टीम में खेलते हुए इन दोनों खिलाड़ियों पर काफी दबाव होता है। अगर वे अच्छा नहीं करते और नतीजे अच्छे नहीं आते तो दबाव होता है। ''

आरसीबी इस समय 10 टीम की तालिका में सात मैच में छह हार से अंतिम स्थान पर चल रही है। पोंटिंग ने कहा, ''अगर आप देखो कि टूर्नामेंट में उन्होंने कैसा प्रदर्शन किया है तो दबाव व्यक्तिगत खिलाड़ी पर भी आ जाता है। मैंने आज सुबह वो लेख देखा कि ग्लेन हटना चाहते हैं। '' पोटिंग ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का दबाव से निपटने का अपना तरीका होता है। उन्होंने कहा, ''प्रत्येक व्यक्ति अलग तरह का होता है। कुछ खिलाड़ी खेलते रहना चाहते हैं और फिर वे रन बना लेते हैं जबकि कुछ पीछे हटकर ब्रेक ले लेते हैं। पोंटिंग को लगता है कि टीम के कोच के लिए एक खिलाड़ी के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ''इसलिये ही बतौर कोच आपको वास्तव में बहुत ही समझदार होना होता है क्योंकि आपको खिलाड़ी के स्वास्थ्य के बारे में सबसे पहले सोचना होता है। '' पोंटिंग को लगता है कि शीर्ष खिलाड़ियों के लिए अपने परिवार को साथ रखना महत्वपूर्ण है क्योंकि वे उनकी सफलता और असफलता का केंद्र होते हैं।

ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक शैली से निपटने के लिए बेहतर पासिंग और तालमेल की जरूरत : रूपिंदर पाल सिंह

नई दिल्ली, 16 अप्रेल। भारतीय पूर्व ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ रूपिंदर पाल सिंह को लगता है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम बेहतर रक्षात्मक तालमेल और बेहतर पासिंग से आस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली से निपट सकती है।

हाल में भारत को पर्थ में हुई पांच टेस्ट की सीरीज में आस्ट्रेलिया से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। यह दौरा भारत के लिए निराशाजनक रहा जबकि इससे पहले टीम ने एफआईएच प्रो लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। टीम से जुलाई-

अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक से बेहतर या इसके बराबरी वाले प्रदर्शन की उम्मीद है। भारत की 2014 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य सिंह हालांकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ इस नतीजे से ज्यादा चिंतित नहीं हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि टीम प्रत्येक मैच के साथ सुधार करती गयी।

रुपिंदर सिंह ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''हम पहला मैच 5-1 से हारे लेकिन इसके बाद टीम ने सुधार किया और स्कोर बराबरी का रहा। हमने कुछ मौके गंवाये जिसे देखते हुए ओलंपिक से पहले कुछ काम करने की जरूरत है। यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए थी जिसमें नये वैरिएशन और खिलाड़ियों को आजमाया गया था।'' उन्होंने सुझाव दिया, ''आस्ट्रेलिया से निपटने के लिए उच्च स्तर के तालमेल की जरूरत है जिसमें डिफेंडर से डिफेंडर तक गेंद ट्रांसफर, मिडफील्ड में डिफेंडरों के तेज पास, ऊपर के पास इस तरह की शैली से निपटने के लिए फायदेमंद हो सकते हैं।

राष्ट्रीय यूथ बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान ने जीता स्वर्ण पदक

फाइनल मुकाबले में पंजाब को 77-85 से पराजित कर जीता खिताब

जैसलमेर, 16 अप्रेल। भारतीय बास्केटबॉल महासंघ द्वारा 38 वी यूथ राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पांडिचेरी में 9 से 15 अप्रैल तक किया गया जिसमें राजस्थान बालक वर्ग की टीम ने पंजाब को फाइनल मुकाबले में 77-85 अंकों से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

जिला खेल अधिकारी एवं राजस्थान टीम के मुख्य प्रशिक्षक राकेश बिश्नोई ने बताया कि यूथ नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान टीम ने फाइनल मुकाबले में पंजाब को 77-85 अंकों से पराजित कर खिताब अपने नाम किया एवं नेशनल प्रतियोगिता के मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर का खिताब राजस्थान के लोकेश शर्मा को मिला। बिश्नोई ने बताया कि इससे पूर्व राजस्थान टीम ने यूथ नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2018 में बास्केटबॉल प्रशिक्षक राकेश बिश्नोई के निर्देशन में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था एवं गत वर्ष कांस्य पदक प्राप्त किया था।

इस वर्ष खेलो इंडिया नेशनल यूथ गेम्स 2023 कोयंबटूर तमिलनाडु में 21 से 25 जनवरी तक आयोजित की गई जिसमें राजस्थान टीम ने रजत पदक प्राप्त किया एवं जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप भुवनेश्वर उड़ीसा में 4 से 11 फरवरी तक आयोजित की गई जिसमें राजस्थान टीम ने रजत पदक प्राप्त किया एवं 9 से 15 अप्रैल पांडिचेरी में यूथ नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया तीनों ही प्रतियोगिताओं में राजस्थान टीम के मुख्य प्रशिक्षक राकेश बिश्नोई रहे। पांडिचेरी यूथ नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान टीम में जैसलमेर बास्केटबॉल अकादमी से संस्कार सैनी, मनीष कुमार माल, भूपेंद्र सिंह राठौड़ एवं गेमर सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया।

'हार्दिक पंड्या पर मंडरा रहा विश्व कप नहीं खेलने का खतरा'

नई दिल्ली, 16 अप्रेल। आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस का नेतृत्व कर रहे ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। दरअसल, हार्दिक पंड्या की कप्तानी में मुंबई का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। टीम ने अब तक 6 में से महज 2 मैच जीते हैं। साथ ही पंड्या खुद भी अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी के कारण फ्लॉप दिख रहे हैं।

वहीं अब उनके ऊपर इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। ये बात भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई की मीटिंग में भी साफ कर दिया गया है। इस साल टी20 वर्ल्ड कप अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेला जाएगा। ये टूर्नामेंट जून में खेला जाएगा। ये मीटिंग चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर, रोहित शर्मा, राहुल द्रविड़ समेत बीसीसीआई के बाकी सदस्यों के बीच हुई। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, सेलेक्टर्स की पैनी नजर सिर्फ हार्दिक पंड्या की गेदंबाजी पर है। मीटिंग 2 घंटे तक चली, जिसमें महज तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर्स को लेकर चर्चा हुई।

अब हमारे लिए हर मैच सेमीफाइनल की तरह है : एंडी फ्लावर

सनराइडर्स हैदराबाद के खिलाफ हार पर बोले कोच एंडी फ्लावर

बेंगलुरु, 16 अप्रेल। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सात मैच में अपनी टीम की छठी हार के बाद स्वीकार किया कि बचे हुए सात में से प्रत्येक मैच को अब सेमीफाइनल की तरह ही खेला जायेगा। आरसीबी को सोमवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद से 25 रन से हार का सामना करना पड़ा।

फ्लावर ने 'आरसीबी गेम डे' पर कहा, ''यह निश्चित रूप से नॉकआउट का समय है और प्रत्येक मैच को हम अब सेमीफाइनल की तरह ही लेंगे। लेकिन हमें सोचना होगा कि हम मजबूत वापसी करें। '' सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों ने आरसीबी के दिशाहीन गेंदबाजों के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर आईपीएल का रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया। फ्लावर ने स्वीकार किया कि यह उनकी टीम के लिए मुश्किल रात थी। उन्होंने कहा, ''मैदान पर यह वास्तव में मुश्किल रात रही क्योंकि उन्होंने इतनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। '' लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी के लिए दिनेश कार्तिक ने 35 गेंद में 83 रन और कप्तान फाफ डुप्लेसी ने 28 गेंद में 62 रन बनाये।

फ्लावर ने कहा, ''हमने क्रीज पर बल्ले से जिस तरह का जज्बा दिखाया, उस पर मुझे बहुत गर्व है। हमने मैच गंवा दिया लेकिन हमने जिस तरह की बल्लेबाजी की, उस पर गर्व है। '' इंग्लैंड के पूर्व कोच ने कार्तिक की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने जिस तरह से सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ायी, उसे देखते हुए अगर इस विकेटकीपर बल्लेबाज को भारत की टी20 विश्व कप टीम में चुन लिया जाता है तो हैरानी की बात नहीं होगी।

उन्होंने कहा, ''दिनेश कार्तिक अपनी बल्लेबाजी से भारत की विश्व कप टीम के लिए खुद की दावेदारी पेश कर रहा है और मैदान पर बेहतर से बेहतर ही होता जा रहा है। '' आरसीबी अब 21 अप्रैल को ईडन गार्डन्स पर कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी।